प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त करेंगे जारी।
- झारखंड में भाजपा ने विधानसभा चुनाव की शुरू की तैयारी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहाण और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को मिली चुनाव की कमान।
- आज से झारखंड में बदलेगा मौसम, मौसम विभाग ने तेज हवाओं के साथ बारिश और वज्रपात का जारी किया अलर्ट।
- 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत पांच पदक जीते।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जाएंगे। श्री मोदी वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। अब तक 11 करोड़ से अधिक योग्य किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन करोड़ चार लाख से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सखी के रूप में स्व–सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहाण और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को चुनाव की कमान सौंपी गयी है। दोनों ही नेता भाजपा के बड़े रणनीतिकार और संगठनकर्त्ता माने जाते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड को लेकर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व का यह बड़ा फैसला है। झारखंड में अगले तीन से चार महीने में विधानसभा चुनाव होने के आसार हैं।

*******************

इस वित्तीय वर्ष में चार लाख पचास हजार जरूरतमंद परिवारों के बीच अबुआ आवास का आवंटन जल्द किया जाएगा। आवास के आवंटन को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पदाधिकारियों को पूरी तरह से पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के तीन कमरों का अबुआ आवास योजना से स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण योजना को भी जोड़ने का निर्देश दिया है। पिछले वित्त वर्ष में दो लाख अबुआ आवास का आवंटन किया गया था।

*******************

राज्य के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए रांची से देवघर तक टूरिस्ट कॉरीडोर बनाया जाएगा। इसे लेकर राज्य सरकार की सैद्धांतिक सहमति मिल गयी है। कल पत्रकारों से बातचीत करते हुए गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि टूरिस्ट कॉरीडोर के निर्माण पर करीब एक हजार बीस करोड़ रूपये खर्च होने का अनुमान है। कॉरीडोर के तहत रांची से ओरमांझी, गोला, रजरप्पा, लुगूबुरू पहाड़ी, डुमरी, मधुबन मोड़ और बुढ़ई होते हुए देवघर तक दो सौ एक किलोमीटर का यह कॉरीडोर बनेगा। इस कॉरीडोर में रजरप्पा, लुगुबुरू, पारसनाथ और देवघर जैसे धार्मिकस्थल जुड़ सकेंगे।

*******************

रांची समेत देश के तीन सौ साठ केंद्रों पर तिरासी विषयों के लिए यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन आज किया जा रहा है। परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर फोटो पहचान पत्र के साथ आने का निर्देश दिया गया है।

*******************

पाकुड़ जिले में यक्ष्मा यानि टीबी की रोकथाम को लेकर यक्ष्मा खोज पखवाड़ा अभियान के तहत घर घर जाकर रोगियों की पहचान की जा रही है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। आप अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 के माध्यम से दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं नगर निकायों के प्रशासकों को पत्र भेजते हुए लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने केंद्र सरकार के द्वारा प्रायोजित योजनाओं पूरा करने के लिए विशेष निर्देश दिया गया है।
इधर आदित्यपुर नगर निगम, कपाली नगर परिषद एवं सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र में बंद पड़ी योजनाओं में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सड़क, नाली तथा अन्य पक्की योजनाओं को समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है।

*******************

गोड्डा जिले के गोड्डा–महागामा मार्ग पर मालिनी गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में कल एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। जिसे अच्छे इलाज के लिए भागलपुर भेजा गया है। मृतक एवं घायल दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोड्डा शहर की ओर आ रहे थे। विपरीत दिशा से आते हुए एक ऑटो की चपेट में आकर यह हादसा हुआ।

*******************

झारखंड में आज से मौसम बदलेगा। मौसम विभाग ने आज रांची और आसपास के क्षेत्रों में अगले चौबीस घंटे के दौरान तेज हवा और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जतायी है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान रांची और आसपास के क्षेत्रों में बारिश भी हुई है। मौसम विभाग की ओर से रांची और आसपास के क्षेत्रों के लिए बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य के पलामू क्षेत्र में लू चलने को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाये रहने से कई जिलों में तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

*******************

बिलासपुर में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते हैं। रांची की सुजाता लकड़ा ने सौ मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक जीता है। बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड के खिलाड़ियों को झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहाण और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को झारखंड विधानसभा चुनाव की कमान सौंपें जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है– केंद्रीय मंत्री शिवराज और सीएम हिमंता को झारखंड विधानसभा चुनाव की कमान।
दैनिक हिन्दुस्तान लिखता है– सारंडा जंगल में मुठभेड़, पांच नक्सली मारे गए, दो गिरफ्तार।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सारंडा में दस लाख का इनामी समेत पांच नक्सली ढेर, छह राइफल बरामद।
दैनिक जागरण की सुर्खी है –सिग्नल तोड़ मालगाड़ी ने यात्री ट्रेन में मारी टक्कर, नौ मरे।
रांची एक्सप्रेस लिखता है – अब देशी बंदूकों से ही होगी भारत की रक्षा।
राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है– बंगाल में ट्रेन हादसा, नौ की मौत इकतालीस घायल, राहत बचाव कार्य में लगा प्रशासन।
वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने न्यू जलपाईगुड़ी में हुए ट्रेन हादसे में पंद्रह लोगों की हुई मौत की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***************